भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1135

दिनांक 24 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

हासन में आंगनवाड़ी केंद्र

1135. श्री श्रेयस एम. पटेल:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के हासन जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या कई आंगनवाड़ी केंद्रों के पास स्थायी भवन नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा हासन जिले में सरकारी भवनों, किराए के परिसरों, स्कूल भवनों, सामुदायिक भवनों, अन्य अस्थायी संरचाओं से संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की तालुका-वार संख्या कितनी है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान हासन जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के निर्माण, मरम्मत, नवीनीकरण और उन्नयन के लिए कितनी निधि स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई है;

(घ) क्या सरकार को जिले में नए आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के निर्माण के लिए कर्नाटक सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ड.) क्या सरकार का प्रस्ताव हासन जिले में स्थायी आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण और शौचालय, पेयजल, रसोई, बिजली, चारदीवारी तथा खेल सुविधाओं सहित बुनियादी अवसंरचना में सुधार के लिए अतिरिक्त निधि स्वीकृत करने का है और यदि हां तो ऐसी स्वीकृति का ब्यौरा और अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ड.): पोषण ट्रैकर के अनुसार, कर्नाटक के हासन ज़िले में कुल 2,523 आंगनवाड़ी केंद्र कार्यशील हैं।

सरकारी भवनों, किराए के भवनों, स्कूल के भवनों, सामुदायिक भवनों और अन्य अस्थायी भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों का परियोजना-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के तहत, मनरेगा के साथ समन्वय करके आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जा रहे हैं। कर्नाटक राज्य के लिए मनरेगा के तहत 4,768 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है और इसके लिए 486.34 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण के लिए विभिन्न योजनाओं अर्थात सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष, पंचायती राज संस्थाओं के लिए वित्त आयोग अनुदान, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम आदि से निधियों का उपयोग जारी रखें।

मिशन पोषण 2.0 के तहत, सरकारी भवनों में संचालित 2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को 'सक्षम आंगनवाड़ी' में उन्नयन करने की स्वीकृति दी गई है ताकि बेहतर पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा (ईसीसीई) दी जा सके। सक्षम आंगनवाड़ियों में बेहतर अवसंरचना जैसे एलईडी स्क्रीन, वॉटर फिल्ट्रेशन सिस्टम, पोषण वाटिका, ईसीसीई सामग्री और 'बिल्डिंग एज़ लर्निंग एड' (बाला) पेंटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। कर्नाटक के हासन ज़िले में 701 आंगनवाड़ी केंद्रों को उन्नयन करने की स्वीकृति दी गई है।

****

अनुलग्नक

'हासन में आंगनवाड़ी केंद्र' के संबंध में श्री श्रेयस एम. पटेल द्वारा पूछे गए दिनांक 24.07.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1135 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या	सरकारी भवनों में आंगनवाड़ी केंद्र	किराए के भवनों में आंगनवाड़ी केंद्र	अन्य सरकारी भवन			
					पंचायत	समुदायिक भवन	सरकार के स्वामित्ववाला कोई अन्य भवन	कुल
1	अलूर	178	137	12	0	12	17	29
2	अरकलागुड	280	243	11	2	9	15	26
3	अर्सिकिरे	448	325	55	4	13	51	68
4	बेलूर	301	212	18	3	26	42	71
5	चन्नारायपटना	394	291	31	1	12	59	72
6	हासन	406	294	27	3	30	52	85
7	होलेनारसिपुरा	260	211	26	3	5	15	23
8	सक्लेशर	256	196	20	0	20	20	40
	कुल	2523	1909	200	16	127	271	414

****